हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार

मेट्रो सिटी

नागपुर, रविवार, 9 फरवरी 2025

हुडकेश्वर महिला हत्या मामला, आरोपी का 11 फरवरी तक पीसीआर

नागपुर. हुड़केश्वर थानाक्षेत्र में हुई महिला की हत्या मामले में शामिल आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। शनिवार को पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया जहां कोर्ट ने उसे 11 फरवरी तक पुलिस हिरासत में भेजा है। मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर महिला की गला दबाकर हत्या करने और उसके साथ दुष्कर्म होने की पुष्टि हुई थी। इसके बाद पुलिस ने हत्या के तहत अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की। महिला के पास मिले मोबाइल फोन से सबसे पहले कॉल रिकार्डिंग जांचने पर रानी और रोहित के बीच कॉल रिकार्ड सामने आया. लोकेशन के आधार पर रोहित शुरू से संदिग्ध नजर आया. उसकी लोकेशन ट्रेस करके कापसी से हिरासत में लिया गया. थोड़ी ही सख्ती के बाद उसने अपराध कबूल लिया और सारा सच पुलिस के सामने उगल दिया.

एडवांटेज विदर्भ को नागपुरवासियों ने दिया जबरदस्त प्रतिसाद

> एक्सपो में 20,000 लोग पहुंचे

नागपुर.

विदर्भ में उद्योगों को बढ़वा देने के लिए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की संकल्पना से खासदार उद्योगिक महोत्सव यानी एडवांटेज विदर्भ का आयोजन नागपुर में किया गया। जहां देश और दुनिया के तमाम बड़ी कंपनियों को विदर्भ में निवेश के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। वहीं नागपुरवासियों द्वारा भी इस एक्सपो को अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है और हजारों की संख्या में लोग एक्सपो देखने पहुंच रहे हैं।

विदर्भ को उद्योग का हब बनाने की दृष्टि से खासदार औद्योगिक महोत्सव यानी एडवांटेज विदर्भ का आयोजन नागपुर विश्वविद्यालय के महात्मा ज्योतिबा फुले परिसर में किया गया है। तीन दिवसीय इस आद्योगिक महोत्सव में एक तरफ जहाँ उद्योगों को क्षेत्र में निवेश के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, वहीं दूसरी तरफ एक्सपो का भी आयोजन किया गया है। जहां विभिन्न कंपनियों के उत्पाद को आम जनता के लिए रखा गया है। नागपुर वासियों द्वारा एक्सपो को शानदार प्रतिसाद मिला है। एक्सपो के दूसरे दिन हजारो की संख्या में लोग एक्सपो देखने पहुंचे और विभिन्न उत्पादों के बारे में सम्बंधित स्टॉल पर जानकारी प्राप्त कर रहे थे.

एआईडी के सचिव विजय शर्मा ने बताया कि, "दूसरे दिन करीब 20 हजार लोग एक्सपो देखने पहुंचे हैं। उन्होंने बताया कि, "एक्सपो में हम लगातार कई तरह के कॉम्पिटिशन सहित कॉन्क्लेव का भी आयोजन का रहे हैं। जिसमें बड़ी संख्या में लोग इसमें भाग ले रहे हैं। हैकथॉन सहित जितने भी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया उसमें जितने वालों को अंतिम दिन 9 फ़रवरी को केंद्रीय मंत्री पियूष गोयल के हाथों उपहार दिया जाएगा। यही नहीं आखिरी दिन कई तरह के कॉन्क्लेव का आयोजन भी होगा।" आयोजन समिति ने नागपुर वासियों को बड़ी संख्या में एक्सपो देखने के लिए आने का आवाहन भी किया।

स्टेशनरी दुकान में 17 नाबालिग छात्राओं से छेड़खानी

>आरोपी गिरफ्तार

नागपुर.

नंदनवन पुलिस थाना क्षेत्र में एक निजी स्कूल की 17 नाबालिग छात्राओं के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। स्कूल के पास स्थित एक स्टेशनरी दुकान में सामान खरीदने गई छात्राओं के साथ दुकान में शटर ठीक करने आए एक व्यक्ति ने अश्लील हरकतें कीं।

पुलिस ने आरोपी रवि लाखे (36) नंदनवन निवासी को गिरफ्तार कर लिया है।

बताया जा रहा है कि रवि स्टेशनरी की दुकान में लगे शटर के खराब होने के चलते उसे सुधारने के लिए दुकान में आया था। दो घंटे के अंतराल में ही स्टेशनरी की दुकान में सामान खरीदने के लिए आई एक दो नहीं बल्कि, करीब सत्रह छोटी बच्चियों के साथ आरोपी रवि ने अश्लील हरकत कर उनका विनयभंग किया था। हालांकि डर और नासमझी के चलते ये बच्चियां आरोपी की इस घिनौनी हरकत को नहीं समझ पाई जिसके चलते उसका प्रतिकार भी नहीं हुआ।

स्कूल से छुट्टी होने के बाद इन बच्चियों ने जब घर जा कर अपने परिजनों को इस घटना के बारे में बताया तो उनके पैरों तले से भी जमीन खिसक गई। इसके बाद गुस्साये परिजन पहले स्कूल पहुंचे और स्कूल प्रशासन को इस घटना की जानकारी देकर नंदनवन पुलिस थाने में जाकर शिकायत दर्ज करवाई। हालांकि शुरुआत में इक्का दुक्का परिजन ही शिकायत करवाने थाने पहुंचे थे। परंतु थाने में आरोपी रवि के खिलाफ छेड़खानी का यह मामला दर्ज होने की जानकारी मिलते ही अन्य छोटे बच्चों ने भी अपने परिजनों को इस घटना के बारे में बताया। अभी तक तक सत्रह छोटी बच्चियों से आरोपी ने इस घिनौनी वारदात को अंजाम दिया था। हालांकि इस घटना की जानकारी मिलने के तुरंत बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है और आगे की जांच कर रही है ।

इस घटना के बाद स्कूल प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं। तो वहीं स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावकों के मन में भी डर का माहौल पैदा हो गया है। पुलिस ने छेड़खानी और पॉस्को की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है और आगे की जांच कर रही है।

कुंभ मेले में गया परिवार, चोरों ने उड़ा लिया 3.84 लाख का माल

नागपुर.

कलमना थाना क्षेत्र में एक घर में सेंध लगाकर अज्ञात चोरों ने लाखों रुपये के नकद और गहनों पर हाथ साफ कर दिया। यह घटना 6 फरवरी शाम 5 बजे से 7 फरवरी सुबह 8 बजे के बीच की बताई जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, रमेश सुखराम शाहु (38) प्लॉट नं. 55, वाडीभस्मे ले-आउट, नवकन्या नगर निवासी अपने परिवार के साथ प्रयागराज में कुंभ मेले में गए हुए थे। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने उनके घर का मुख्य दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया और बेडरूम में रखी लोहे की अलमारी का लॉकर तोड़कर उसमें रखे 1.50 लाख रुपये नकद, सोने के आभूषण, एक पुराना मोबाइल और सीसीटीवी डीवीआर सहित कुल 3.84 लाख रुपये का माल चोरी कर लिया।

घटना का पता तब चला जब परिवार 7 फरवरी की सुबह घर लौटा और टूटा हुआ ताला और बिखरा सामान देखा। इसके बाद रमेश शाहु ने तुरंत कलमना पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई।

शिकायत के आधार पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी के तहत मामला दर्ज किया है और आगे की जांच कर रही है। पुलिस को शक हुआ।

ऑनलाइन क्रिकेट सट्टेबाजी का भंडाफोड़

>दो आरोपी गिरफ्तार
> क्राइम ब्रांच यूनिट 1 की कार्रवाई

नागपुर. हिंगना इलाके में ऑनलाइन क्रिकेट सट्टेबाजी का भंडाफोड़ करते हुए क्राइम ब्रांच यूनिट 1 की टीम ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से मोबाइल फोन, कार, मोटरसाइकिल और नगदी सहित करीब 2.88 लाख के माल को भी जब्त किया है। आरोपियों को माल सहित आगे की कार्रवाई के लिए हिंगना पुलिस के हवाले किया गया है।

क्राइम ब्रांच यूनिट 1 की टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि हिंगना थाना क्षेत्र के गुमगांव वार्ड नंबर 04 में कुछ लोग "लाइव लाइन" ऐप के जरिए क्रिकेट मैच पर ऑनलाइन सट्टेबाजी करवा रहे हैं। पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर छापा मारा और दो आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों के नाम राजेंद्र रामाजी भानुसे(41) और राजकुमार पितांबर गहाणे (43) दोनों गुमगांव निवासी बताए जा रहे हैं। ये दोनों आरोपी LIT 2025 डेजर्ट वाइपर बनाम शारजाह क्रिकेट मैच पर ऑनलाइन सट्टा खेल रहे थे। पुलिस ने आरोपियों के पास से चार मोबाइल फोन, एक कार, एक बाइक और नकद 1860 सहित करीब 2,88,860 रूपयों के माल को जब्त किया है। पकड़े गए माल सहित आरोपियों को आगे की कार्रवाई के लिए हिंगना पुलिस के हवाले किया गया है। यह कार्रवाई डीसीपी राहुल माकनीकर के मार्गदर्शन में पुलिस निरीक्षक सुहास चौधरी, पुलिस हवलदार प्रीतम यादव, मनोज टेकाम, रविंद्र डागा, नितिन वासनिक, शरद चांभारे, सुनित, गुजर, रितेश तुमडाम, खेड़कर और पुलिस उपनिरीक्षक कुणाल गेडाम ने मिलकर की है।

घातक शस्त्र के हुडदंग मचाता युवक गिरफ्तार

नागपुर. कोतवाली पुलिस ने नंदी ग्राउंड, तुलसीबाग रोड पर एक युवक को तलवार लहराते हुए हुड़दंग मचाते गिरफ्तार किया। पुलिस को पेट्रोलिंग के दौरान सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति सड़क पर हथियार के साथ हंगामा कर रहा है। मौके पर पहुंचते ही पुलिस को देखते ही वह भागने लगा, लेकिन पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उसे पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अमीर सोहेल अब्दुल वकील (30), नूरानी मस्जिद के पास, नई शुक्रवारी निवासी के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से तलवार बरामद की है। प्राथमिक जांच में सामने आया कि आरोपी किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की मंशा से हथियार लेकर घूम रहा था। महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम की धारा 135 के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। आगे की जांच जारी है।

एससीजीटी नागपुर चैप्टर के सचिव पद पर अमित बोरकर की नियुक्ति

>शनिवार को संभाला पदभार

नागपुर. सैटरडे क्लब ग्लोबल ट्रस्ट के नागपुर चैप्टर के सचिव पद पर आईसीटी मीडिया प्रा. लि. के सह-निदेशक अमित बोरकर की नियुक्ति की गई है। शनिवार को होटल नॉर्थ विव्ह में आयोजित नियमित बैठक में नागपुर चैप्टर के अध्यक्ष बागेश महाजन, पूर्व सचिव अश्विनी ऋषी, कोषाध्यक्ष शरद अरसडे तथा अन्य सदस्यों की उपस्थिति में उन्होंने पदभार ग्रहण किया। अमित बोरकर उद्योग और व्यवसाय क्षेत्र में एक अनुभवी व्यक्ति हैं। उन्हें बिजनेस नेटवर्किंग, स्टार्टअप्स और उद्योग विस्तार का व्यापक अनुभव है। उनकी इस नियुक्ति से स्थानीय उद्यमियों और व्यापारियों में उत्साह का माहौल बना हुआ है।

सैटरडे क्लब ग्लोबल ट्रस्ट महाराष्ट्र के व्यवसायियों और उद्यमियों के लिए एक प्रभावी मंच है, जिसका उद्देश्य महाराष्ट्रीयन व्यवसायियों के लिए नए अवसर सृजित करना, कौशल विकास को बढ़ावा देना और व्यापारिक सहयोग को सशक्त बनाना है। इस संदर्भ में, नवनियुक्त सचिव अमित बोरकर ने ट्रस्ट के उद्देश्यों को और अधिक प्रभावी रूप से आगे बढ़ाने का संकल्प व्यक्त किया।

इस नियुक्ति पर कई व्यापारियों और उद्यमियों ने अमित बोरकर को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्होंने क्लब के ट्रस्टी, डिप्टी सेक्रेटरी जनरल सुभाष गोरे और नागपुर चैप्टर की सीएसटी टीम का आभार व्यक्त किया।

तड़ीपार अपराधी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

नागपुर. वाड़ी पुलिस ने एक तड़ीपार अपराधी को शहर की सीमा में संदिग्ध रूप से घूमते हुए गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान नरेन्द्र उर्फ नरू रामखिलावन पांडे (29) के रूप में हुई है, जो नरेन्द्र नगर का निवासी है। पुलिस के अनुसार, नरू के खिलाफ कई संगीन आपराधिक मामले दर्ज हैं। लगातार प्रतिबंधात्मक कार्रवाई के बावजूद उसकी अपराधिक गतिविधियों में कोई कमी नहीं आई, जिसके चलते 11 नवंबर 2024 को उसे दो वर्ष के लिए नागपुर शहर और जिले से तड़ीपार किया गया था। इसके बावजूद, बिना पुलिस की अनुमति के वह शहर में दाखिल हुआ। गश्त के दौरान अमरावती रोड स्थित 8वें माइल के पास पुलिस टीम ने उसे संदिग्ध रूप से घूमते देखा। पूछताछ के दौरान वह संतोषजनक जवाब नहीं दे सका, जिससे पुलिस को शक हुआ।

तेज रफ्तार कार की टक्कर से महिला गंभीर घायल

> अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज

नागपुर. मानकापुर थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार कार की टक्कर से एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। यह हादसा 4 फरवरी की रात करीब 8 बजे मानकापुर चौक के पास सोमरस शराब दुकान के सामने हुआ।प्राप्त जानकारी के अनुसार, आशिक मन्नुलाल बनवासी (48), वार्ड नं. 11, स्वीपर मोहल्ला, कालीमाता मंदिर के पास, सावनेर निवासी अपनी पत्नी ताराबाई के साथ स्प्लेंडर मोटरसाइकिल से ताजबाग में एक विवाह समारोह में जा रहे थे। इसी दौरान, सामने से तेज गति से आ रही एक अज्ञात सफेद कार के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। हादसे में आशिक बनवासी को मामूली चोटें आईं, लेकिन उनकी पत्नी ताराबाई गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें तत्काल मेयो अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के बाद 8 फरवरी को आशिक बनवासी ने मानकापुर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। फिलहाल, पुलिस आरोपी चालक की तलाश में जुटी हुई है और आगे की जांच जारी है।

तबेले में भीषण आग, 13 बछड़ों की दर्दनाक मौत

नागपुर. गणेशपेठ पुलिस थाना अंतर्गत चांडक लेआउट में शनिवार दोपहर एक भयावह हादसे में 13 बछड़ों की जिंदा जलकर मौत हो गई, जबकि 3 गायें गंभीर रूप से झुलस गईं। यह घटना तबेले में आग लगने के कारण हुई, जो कुछ ही सेकंड में विकराल हो गई। डीजल से भड़की आग, तबेले की सुरक्षा की जिम्मेदारी रविंद्र नागोराव गुड़धाने (52) नामक चौकीदार पर थी, जो दिन में वाहन चालक का भी काम करता था। बताया जाता है कि वह अपने वाहनों के लिए बड़ी मात्रा में डीजल जमा करता था।राहगीरों ने तुरंत अग्निशमन विभाग को सूचना दी, जिसके बाद कॉटन मार्केट और गंजीपेठ फायर स्टेशन से दो दमकल वाहन मौके पर पहुंचे। लेकिन तब तक तबेला पूरी तरह जल चुका था।

घातक हथियारों के साथ घूमता पान ठेला चालक गिरफ्तार

> बेलतरोड़ी पुलिस की कार्रवाई

नागपुर.



बेलतरोडी पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए पान ठेला चालक को अवैध हथियारों और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।

पुलिस को जानकारी मिली थी कि एक संदिग्ध व्यक्ति मोपेड से बेलतरोडी से शताब्दी चौक की ओर जा रहा है और उसके पास जिंदा कारतूस मौजूद हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने धनश्री एग्रो भंडार के सामने सिमेंट रोड मंगलदीप सोसायटी के पास जाल बिछाया। कुछ देर बाद एक व्यक्ति संदिग्ध रूप से मोपेड पर आता दिखाई दिया, जिसे रोककर पूछताछ की गई।

गिरफ्तार आरोपी का नाम राजेंद्र सदाशिव मानकर (60) रेवती नगर, मनीष नगर निवासी बताया गया है। जो की एक पान ठेला चलता है।तलाशी के दौरान उसकी पास की काली बैग से तीन जिंदा कारतूस बरामद किए गए। इसके अलावा, उसके पास से तीन छोटे चाकू , एक बंद आईफोन ,ओप्पो मोबाइल और चेतक मोपेड जब्त किया गया। कुल बरामदगी की कीमत 1,39,620 रुपये बताई जा रही है। हालांकि ये सभी अवैध हथियार आरोपी ने कहां से लिए थे और उन्हें लेकर क्यू घूम रहा था इसकी जांच पुलिस कर रही है।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय हथियार अधिनियम की धारा 3/25, तथा महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम की धारा 135 के तहत मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच जारी है।

यह कार्रवाई पुलिस उपायुक्त परिमंडल 4और सहायक पुलिस आयुक्त, अजनी विभाग के मार्गदर्शन में वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक मुकुंद कवाड़े, सहायक पुलिस निरीक्षक राम कांडुरे, उप-निरीक्षक नारायण घोडके, किशोर माळोकर और जांच दल के अन्य पुलिसकर्मियों शैलेश बडोदेकर, सचिन लाचरवार, नितीन गुंडवार, हेमंत उईके द्वारा सफलतापूर्वक की गई।

नागपुर के एम्स में भर्ती की घोषणा

नागपुर.

नागपुर स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में विभिन्न पदों पर भर्ती की घोषणा की गई है। इसलिए युवाओं के लिए इन पदों पर नौकरी पाने का सुनहरा मौका है।

टेक्निकल ऑफिसर और जूनियर नर्स जैसे पदों पर भर्तियां होने जा रही हैं। योग्य उम्मीदवार वेबसाइट https://aiimsnagpur.edu.in/ के माध्यम से अपना आवेदन भर सकते हैं। इस भर्ती (AIIMS Nagpur Recruitment 2025) के माध्यम से 13 रिक्त पदों को भरा जाएगा. इस भर्ती के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 12 फरवरी 2025 है। 'अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान नागपुर भर्ती 2025' के माध्यम से योग्य उम्मीदवारों का चयन होने पर उन्हें 20 से 50 हजार तक वेतन दिया जाएगा।

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), नागपुर ने आयोजित भर्ती में विभिन्न प्रक्रियाओं के माध्यम से चयनित उम्मीदवारों को एम्स, नागपुर में नौकरी का अवसर मिलेगा। इन अभ्यर्थियों के प्रतिस्थापन की कोई संभावना नहीं है। इसलिए इन अभ्यर्थियों को नागपुर छोड़ने की चिंता नहीं करनी पड़ेगी।

तकनीकी अधिकारी के पद के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य/महामारी विज्ञान/सांख्यिकी/पर्यावरण विज्ञान में मास्टर डिग्री या डिग्री शिक्षक की आवश्यकता है। अनुभवी अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। जूनियर नर्स के पद के लिए शैक्षणिक योग्यता 12वीं पास या समकक्ष है। इसमें स्पष्ट किया गया है कि एएनएम या जीएनएम, बीएससी नर्सिंग, 5 वर्ष का अनुभव आवश्यक है। सामाजिक कार्यकर्ता के पद के लिए सामाजिक कार्य/सार्वजनिक स्वास्थ्य शिक्षा में स्नातक की डिग्री आवश्यक है। यदि उम्मीदवार के पास कार्य अनुभव है तो उसे वरीयता दी जाएगी।

भर्ती में तकनीकी अधिकारी के पद के लिए अधिकतम आयु सीमा 40 वर्ष, जूनियर नर्स के पद के लिए अधिकतम आयु सीमा 30 वर्ष तथा सामाजिक कार्यकर्ता के पद के लिए अधिकतम आयु सीमा 30 वर्ष निर्धारित है।

तकनीकी अधिकारी के पद के लिए वेतन 50,000 रुपये प्रति माह, जूनियर नर्स के पद के लिए 21,000 रुपये प्रति माह, जूनियर नर्स के पद के लिए 21,000 रुपये प्रति माह और सामाजिक कार्यकर्ता के पद के लिए 20,000 रुपये प्रति माह होगा।

वांछित अपराधी लगा पुलिस के हाथ

नागपुर. क्राइम ब्रांच यूनिट 5 की टीम ने एक कार्रवाई करते हुए नवीन कामठी थाना क्षेत्र में एक वांछित अपराधी को घातक हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी रॉस्टीन रॉबर्ट एंथनी (23) को जरीपटका क्षेत्र के रिलैक्स लॉज एंड बॉर्डिंग होटल के कमरे नंबर 115 से गिरफ्तार किया गया है। क्राइम ब्रांच की टीम को पेट्रोलिंग के दौरान विश्वसनीय जानकारी मिली थी इस होटल के कमरे में एक वांछित अपराधी है जो की जरिपटका पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट और धमकी के एक मामले में शामिल है। इसी सूचना के बाद पुलिस ने होटल के कमरे में छापा मारा। जब पुलिस ने कमरे की तलाशी ली, तो आरोपी के पास एक धारदार लोहे का बड़ा चाकू मिला। महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम की धारा 135 के तहत मामला दर्ज किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने उसे नवीन कामठी पुलिस स्टेशन के हवाले कर दिया है। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस निरीक्षक राहुल शिरे और उनकी टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

मनपा ने खरीदी चार 'मैकेनाइज्ड रोड स्वीपिंग मशीन'

> सड़कों और फ्लाईओवरों की सफाई का काम हुआ आसान

नागपुर.

नागपुर महानगरपालिका के ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विभाग ने शहर की सड़कों और फ्लाईओवरों की सफाई के लिए नगरपालिका सेवा में चार नई 'मैकेनाइज्ड रोड स्वीपिंग मशीनें' शामिल की हैं। चारों मशीनों ने शहर की सड़कों और फ्लाईओवरों की सफाई शुरू कर दी है।

मनपा के पास पहले तीन सफाई मशीनें उपलब्ध थीं। चार नई मशीनों के साथ, नागपुर मनपा वर्तमान में सात स्वीपिंग मशीनों से सफाई कर रही है। इसके अलावा, नागपुर मनपा ने महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से छह और 'मैकेनाइज्ड रोड स्वीपिंग मशीनों' की मांग की है।

शहर में इस समय बड़े पैमाने पर विकास कार्य चल रहे हैं। इसी प्रकार, चार लेन वाली सड़कों और फ्लाईओवरों का निर्माण कार्य भी तेजी से चल रहा है। सड़कों की सफाई के लिए आवश्यक जनशक्ति की कमी के कारण, मुख्य सड़कों और फ्लाईओवरों की सफाई यांत्रिक तरीकों से करना आवश्यक है। चूंकि नई प्रौद्योगिकियों का उपयोग समय की मांग है, इसलिए 15वें वित्त आयोग के अनुदान से नागपुर महानगर पालिका द्वारा चार 'मैकेनाइज्ड रोड स्वीपिंग मशीनें' खरीदी गई हैं।

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विभाग ने ओल्ड काटोल नाका से न्यू काटोल नाका और न्यू काटोल नाका से पारडी एचबी टाउन रिंग रोड पर सफाई के लिए मशीन लगाई है। इसके अलावा, एक अन्य मशीन पुलिस लाइन झील से शंकरनगर चौक, खामला रोड, पुलिस लाइन झील, एनएडीटी से मेकोसाबाग ब्रिज, कड़बी चौक और मार्गेरिटा कॉम्प्लेक्स से जिंजर मॉल तक के मार्गों की सफाई करेगी। तीसरी मशीन नरेन्द्रनगर ब्रिज से ऑरेंज सिटी स्ट्रीट, जयताला बाजार, मनीषनगर आरओबी से चिंचभुवन डीपी रोड से खापरी रोड और अजनी चौक से आनंद टॉकीज के साथ-साथ एफसीआई गोदाम रोड से अजनी रेलवे स्टेशन, कृपलानी चौक तक सफाई करेगी। चौथी मशीन आनंद टॉकीज आरयूबी से झांसी रानी चौक से अंबाझरी टी प्वाइंट, वेरायटी चौक से वाडी नाका और मोहिनी कॉम्प्लेक्स से सीपी क्लब तक के मार्ग पर सफाई का काम कर रही है।

अधिक सड़कों की सफाई संभव हो सकेगी

'मैकेनाइज्ड रोड स्वीपिंग मशीन' के कारण सफाई की गुणवत्ता में सुधार हो रहा है। चूंकि इस मशीन में पानी का छिड़काव होता है, इसलिए सड़क साफ करते समय धूल के कण हवा में नहीं उड़ते। परिणामस्वरूप, प्रदूषण कम हो रहा है। शहर में संकीर्ण फ्लाईओवरों की सफाई मानवशक्ति के माध्यम से करने से इस प्रक्रिया के दौरान होने वाली दुर्घटनाओं की संख्या को कम करने में मदद मिल रही है। इस मशीन में दिए गए 'हाई सक्शन होज़ पाइप' की मदद से यह मशीन सड़कों की सफाई करते समय सड़कों के किनारे जमा हुए कूड़े के ढेर के साथ-साथ नागरिकों द्वारा फेंके गए कूड़े को भी आसानी से उठा सकती है। इसी प्रकार, कम समय में अधिक सड़कों की सफाई संभव हो सकेगी।

कार की टक्कर में गंभीर रूप घायल हुआ तेंदुआ

इलाज के लिए ले जाने के दौरान हुई मौत

रामटेक.

रामटेक तहसील अंतर्गत आने वाले रामटेक वन परिक्षेत्र में राष्ट्रीय महामार्ग 44 पर आज शनिवार सुबह करीब 6 बजे एक अज्ञात कार ने तेंदुए को जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें तेंदुआ गंभीर रूप से घायल होगा। घायल तेंदुए की इलाज के लिए ले जाने के दौरान मौत हो गई. एक अज्ञात कार चालक जबलपुर-नागपुर मार्ग से होकर गुजर रहा था. इसी बीच सुबह 6 बजे के लगभग महामार्ग पार कर रहे तेंदुए को कार चालक ने जोरदार टक्कर मार दी. घटना को लेकर टोल प्लाजा कांद्री-मनसर के कर्मचारियों ने वन विभाग रामटेक के अधिकारियों के साथ मिलकर घायल तेंदुए को रामटेक चिकित्सालय लेकर जा रहे थे, जिसमें वाहीटोला के पास तेंदुए की मौत हो गई. प्रकरण को लेकर वन परिक्षेत्र अधिकारी अनिल भगत एवं अन्य अधिकारी मौके पर पहुंच कर आगे की प्रशासनिक कार्रवाई में जुट गए हैं, जबकि घटनास्थल पर दुर्घटनाग्रस्त कार के अवशेष मिले हैं.

दुकान का शटर ठीक करने आए मैकेनिक ने 17 छात्राओं से की छेड़खानी

> खबर सामने आने के बाद मचा हड़कंप; पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

नागपुर.

नागपुर के नंदनवन पुलिस थाना अंतर्गत एक विकृत मानसिकता वाले व्यक्ति ने एक निजी स्कूल की करीब 17 नाबालिग छात्राओं के साथ छेड़खानी कर उनका विनय भंग किए जाने की धक्कादायक जानकारी सामने आई है। इस मामले की शिकायत मिलने के बाद हालांकि आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है और आगे की जांच कर रही है। वहीं इस घटना के सामने आने के बाद अभिभावकों में भी दहशत का माहौल पैदा हो गया है।

नंदनवन पुलिस थाना परिसर में ही यह निजी प्रतिष्ठित स्कूल है। स्कूल के पास ही एक स्टेशनरी की दुकान है। यह घटना बुधवार दोपहर उस समय हुई जब स्कूल की छोटी बच्चिया स्टेशनरी दुकान में सामान खरीदने के लिए गई हुई थी। आरोपी 36 वर्षीय नंदनवन निवासी रवि लाखे है। बताया जा रहा है कि रवि स्टेशनरी की दुकान में लगे शटर के खराब होने के चलते उसे सुधारने के लिए दुकान में आया था।

2 घंटे के अंतराल में ही स्टेशनरी की दुकान में सामान खरीदने के लिए आई एक दो नहीं बल्कि करीब 17 छोटी बच्चियों के साथ आरोपी रवि ने अश्लील हरकत कर उनका विनय भंग किया था। हालांकि डर और नासमझी के चलते छोटी बच्चिया आरोपी की इस घिनौनी हरकत का नहीं समझ पाई जिसके चलते उसका प्रतिकार भी नहीं हुआ।

स्कूल से छुट्टी होने के बाद बच्चों ने घर जा कर अपने परिजनों को इस घटना के बारे में बताया। इसके बाद गुस्साये परिजन पहले स्कूल पहुंचे और स्कूल प्रशासन को इस घटना की जानकारी देकर नंदन वन पुलिस थाने में जाकर शिकायत दर्ज करवाई। हालांकि शुरुआत में इक्का दुक्का परिजन ही शिकायत करवाने थाने पहुंचे थे। परंतु थाने में आरोपी रवि के खिलाफ छेड़खानी का यह मामला दर्ज होने की जानकारी मिलते ही अन्य छोटे बच्चों ने भी अपने परिजनों को इस घटना के बारे में बताया।

अभी तक तक 17 छोटे बच्चियों से आरोपी ने इस घिनौनी वारदात को अंजाम दिया था। हालांकि इस घटना की जानकारी मिलने के तुरंत बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है और आगे की जांच कर रही है। तो वही इस घटना के बाद स्कूल प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं तो वहीं स्कूल में पढ़ने वाले अभिभावकों के मन में भी डर का माहौल पैदा हो गया है।

नागरिकों को अधिक से अधिक सेवाएं ऑनलाइन दें: असीम गुप्ता

नागपुर. विभिन्न विभागों के लिए 100 दिवसीय कार्य योजना निर्धारित की गई है, जिसकी जिला स्तर पर प्रभावी रूप से अमल करने की आवश्यकता है। इस उद्देश्य से सरकार की सेवाओं को अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचाने और इन्हें निर्धारित प्रक्रियाओं के अनुसार ऑनलाइन करने के निर्देश नगर विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव एवं पालक सचिव असीम गुप्ता ने दिए। जिला अधिकारी कार्यालय स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज सभागार में आज 100 दिवसीय कार्य योजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर मनपा आयुक्त डॉ. अभिजीत चौधरी, जिलाधिकारी डॉ. विपिन इटनकर, पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) हर्ष पोद्दार, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विनायक महामुनी, अतिरिक्त मनपा आयुक्त अजय चारठाणकर, अपर जिलाधिकारी तुषार ठोंबरे समेत सभी विभागों के प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

कायदा-कानून पर थानेदार पाटिल ने ली जनजागृति पर कार्यशाला

कन्हान.

कायदा-कानून के विषय पर नागरिकों में जागरूकता निर्माण करनें तथा नये कानून क़ायदे की संपूर्ण महत्वपूर्ण जानकारी सभी नागरिकों को होना चाहिए। इस संदर्भ में कन्हान पुलिस विभाग द्वारा जनजागृति अभियान कार्य शाला का आयोजन 5 व 6 फरवरी को कन्हान पिपरी नगर परिषद सभागृह में आयोजित किया गया। इस जनजागृति अभियान कार्यक्रम में कन्हान के पुलिस निरीक्षक राजेंद्र पाटील ने जागृति अभियान कार्यशाला में नागरिकों को संबोधित करते हुए नागरिकों के अधिकार तथा नए कानून कायदे के विषय मैं अपना मार्गदर्शन किया। सरकारी सहायक अभियोक्ता प्रथम श्रेणी न्यायालय कामठी की एड. अंजना भिवगडे ने भारतीय न्याय संहिता 2023 बी.एन.एस. भारतीय नागरिक संहिता 2023 बी.एन.एस. एस. तथा साक्ष्य अधिनियम 2023 बी.ई.बी. यह तीन नए कानून में बदलाव पर नागरिकों को मार्गदर्शन किया। कानून की जानकारी देकर उसे समझने की कोशिश करना चाहिए, नए कानून में गुनहगारों पर कठोर कार्रवाई का प्रावधान किया है। महिलाओं के संरक्षण, गुनाह प्रवृत्ति को रोकना, साइबर क्राइम पर कठोर कार्रवाई तथा न्यायपालिका को अधिक बल दिये जाने की जरूरत है। कार्यशाला कार्यक्रम में नगर के प्रतिष्ठित नागरिकों में पुलिस पाटिल, आंगनबाड़ी सेविका, महिला दक्षता समिति के सदस्य तथा पत्रकार संघ के सभी पत्रकार उपस्थित थे। कार्यक्रमका संचालन व आभार प्रदर्शन पुलिस कर्मचारी आतिश मानवटकर ने व्यक्त किया।

रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल: करुण नायर के शतक से विदर्भ मजबूत स्थिति में

नागपुर.

करुण नायर (100) के शानदार शतक की बदौलत विदर्भ ने रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। नागपुर के वीसीए सिविल लाइंस स्टेडियम में खेले जा रहे इस मुकाबले में विदर्भ ने तमिलनाडु के खिलाफ टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। हालांकि, शुरुआत में यह फैसला गलत साबित हुआ जब टीम ने अपने शुरुआती तीन विकेट सस्ते में गंवा दिए। पहले दिन का खेल समाप्त होने तक विदर्भ ने 6 विकेट के नुकसान पर 264 रन बना लिए हैं। करुण नायर संकट के समय क्रीज पर टिके रहे और शानदार नाबाद शतक (100) जड़ा। उनके साथ क्रीज पर युवा बल्लेबाज हर्ष दुबे (19) मौजूद हैं।

करुण नायर ने चौथे विकेट के लिए दानिश मालेवार (75) के साथ 98 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की, जिसने टीम को शुरुआती झटकों से उबारने में मदद की। विदर्भ के कप्तान अक्षय वाडकर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था। इससे पहले, विदर्भ ने टूर्नामेंट में सिर्फ एक बार टॉस हारा था, जो हैदराबाद के खिलाफ मैच में हुआ था।

अब विदर्भ की निगाहें दूसरे दिन के खेल पर होंगी, जहां टीम बड़ा स्कोर खड़ा कर तमिलनाडु पर दबाव बनाना चाहेगी।

अंतरमंडलीय रेलवे स्कूल में 'नृत्यसृजन 2025' का भव्य आयोजन

नागपुर.

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल द्वारा अंतरमंडलीय रेलवे स्कूल नृत्य प्रतियोगिता 'नृत्यसृजन 2025' का आयोजन आज मंगल मंडप, कड़वी, नागपुर में किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दीपक कुमार गुप्ता, मंडल रेल प्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे थे। प्रतियोगिता में तीनों मंडलों से रेलवे स्कूल के कुल 52 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में कई मनमोहक एवं मनोरंजक नृत्य विधाओं का प्रदर्शन किया गया। इस प्रकार की सांस्कृतिक प्रतियोगिताएँ रेलवे स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं कौशल संवर्धन के लिए प्रतिवर्ष आयोजित की जाती हैं। प्रतियोगिता के एकल नृत्य वर्ग में कुमारी सी. रक्षिता, बिलासपुर रेलवे हायर सेकेंडरी स्कूल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि समूह नृत्य में रेलवे हायर सेकेंडरी स्कूल, नैनपुर को प्रथम स्थान मिला। मुख्य अतिथि दीपक कुमार गुप्ता ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के समापन अवसर पर मंडल कार्मिक अधिकारी, नागपुर, स्वेता एच.के. छोरिया ने औपचारिक धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

स्व. सरजूप्रसाद दुबे जनकल्याणकारी संस्था ने रमाई जयंती मनाई

कामठी.

स्व. सरजूप्रसाद दुबे जनकल्याणकारी बहुउद्देशीय संस्था कामठी द्वारा नया गोदाम प्रबुद्ध नगर में आयोजित कार्यक्रम में शुक्रवार को संस्था सचिव प्राजक्ता वासनिक के नेतृत्व में डॉ. भीमराव अंबेडकर की पत्नी रमाई आंबेडकर की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में आनंद बुद्ध विहार की रमाबाई दहाट, संघमित्रा मेश्राम, अरुणा भटकर की प्रमुख उपस्थिति रही। आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम रमाबाई दहाट द्वारा माता रमाई के चित्र पर माल्यार्पण किया गया और अरुणा भटकर व संघमित्रा मेश्राम ने दीप प्रज्वलित किया। तत्पश्चात बुद्ध वंदना कर माता रमाई को अभिवादन किया गया। उनके जीवन पर विस्तृत चर्चा हुई। सचिव प्राजक्ता वासनिक ने संबोधन में रमाई को त्याग, बलिदान और संघर्ष की प्रतिमूर्ति बताया। उन्होंने कहा कि रमाई न केवल नारी सशक्तिकरण की आदर्श थीं, बल्कि एक समर्पित समाज सेविका भी थीं, जिन्हें हमेशा याद रखा जाएगा।

कार्यक्रम का संचालन रश्मि मेश्राम एवं आभार प्रदर्शन रानी बोंमले ने व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में सभी को सोन पपड़ी, बूंदी व चिवड़ा वितरित किया गया। कार्यक्रम में शिला वासनिक, माधवी चहांदे, लता चवरे, अमिता मेश्राम, सुनंदा मेश्राम, पोर्णिमा मेश्राम, शोभा मेश्राम, प्रमिला मेश्राम, शशि बेलेकर, कांचन बेलेकर ,जोशना मेश्राम, नलिनी मानवटकर, समीक्षा सूर्यवंशी, अस्वलेखा मेश्राम आदि सदस्यगण प्रमुखता से उपस्थित रहे।

एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट ने नई ब्रांड फिल्म का किया अनावरण

नागपुर.

एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट ने अपनी नई ब्रांड फिल्म लॉन्च की है जो उम्मीद, बदलाव और असीम संभावनाओं की आकर्षक कहानी पेश करती है। यह फिल्म छोटे और मध्यम आकार के व्यवसाय मालिकों को अपने ऋण प्रस्ताव के ज़रिये सशक्त बनाने के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डालती है, जिससे उन्हें बड़े सपने देखने, बढ़ने और फलने-फूलने में मदद मिलती है।

हास्य से भरपूर म्यूज़िकल फॉर्मैट में प्रस्तुत की गई यह फिल्म एक छोटे खुदरा विक्रेता की कहानी बयां करती है जो अपना कारोबार बढ़ाना चाहता है। यह फिल्म दिखाती है कि कैसे एक एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट बिज़नेस लोन उसका जीवन बदल देता है, उसे एक नई पहचान बनाने और वित्तीय प्रगति हासिल करने में मदद करता है। फिल्म मूल रूप से नई शुरुआत के लिए लचीलापन, महत्वाकांक्षा और वित्तीय सशक्तिकरण की ताकत पेश करती है।

एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट के मुख्य व्यवसाय अधिकारी, अजय पारीक ने फिल्म पर टिप्पणी करते हुए कहा, "लघु एवं मध्यम उद्यमों (एसएमई) का भारत के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 30% योगदान है और रोज़गार सृजन में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। हालांकि, उन्हें अक्सर औपचारिक ऋण प्राप्त करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। यह ब्रांड फिल्म इस बात पर ज़ोर देती है कि कैसे एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट बिज़नेस लोन (व्यवसाय ऋण) छोटे खुदरा विक्रेताओं को वित्तीय सहायता प्रदान करता है और आकर्षक ब्याज दरें, न्यूनतम दस्तावेज तथा आसान पुनर्भुगतान की सुविधा प्रदान करता है। हमारे पास कहानी कहने की एक अनूठी शैली है यानी हास्य मिश्रित संगीतमय कविता क्योंकि यह हमारे लक्षित दर्शकों तक संदेश पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।"

गौतम नगर में मनाई रमाई जयंती

कामठी. गौतम नगर स्थित रमाई पार्क में शुक्रवार को भदंत नागदीपांकर द्वारा रमाई आंबेडकर का जन्मदिवस मनाया गया। रमाई पार्क पर आयोजित कार्यक्रम में लोगों की उपस्थिति में माता रमाई आंबेडकर के भदंत नागदीपांकर ने पुतले पर माल्यार्पण किया। तत्पश्चात भदंत नागदीपांकर ने कहा कि माता रमाई द्वारा डा. भीमराव आंबेडकर के लिए किए गए त्याग, बलिदान व सामाजिक परिवर्तन में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम वकील अनिरुद्ध तांबे, राजु गजभिये, धर्मपाल नागदेवे, शशिकांत तांबे, सुरेश खोब्रागडे, वसंता गजबे, प्रवीण चिंचखेडे, विरसेन गेडाम, चंद्रशेखर चहांदे, रितेश सवाईतुल सहित अन्य नागरिक प्रमुखता से सहभागी रहे।



ऑनलाइन क्रिकेट सट्टेबाजी का भंडाफोड़

> क्राइम ब्रांच यूनिट 1 की बड़ी कार्रवाई, तीन लाख का माल जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार

नागपुर.

हिंगना थाना क्षेत्र में ऑनलाइन क्रिकेट सट्टेबाजी का भंडाफोड़ करते हुए क्राइम ब्रांच यूनिट 1 की टीम ने दो आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई, जिसमें पुलिस ने मौके से चार मोबाइल फोन, कार, बाइक और नकद सहित कुल 3 लाख रुपये का माल जब्त किया। आरोपियों को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए हिंगना पुलिस को सौंप दिया गया है।

क्राइम ब्रांच यूनिट 1 को गुप्त सूचना मिली थी कि हिंगना थाना क्षेत्र के गुमगांव वार्ड नंबर 4 में कुछ लोग मोबाइल ऐप के जरिए क्रिकेट पर ऑनलाइन सट्टेबाजी करवा रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए राजेंद्र रामाजी भानुसे और राजकुमार पितांबर गहाणे नामक दो आरोपियों को मौके पर ही पकड़ लिया।

ये दोनों आरोपी 'लाइव लाइन' नामक ऐप का उपयोग करके एलआईटी 2025 डेजर्ट वाइपर बनाम शारजाह क्रिकेट मैच पर ऑनलाइन सट्टा खेल रहे थे। पुलिस ने जब आरोपियों की तलाशी ली तो उनके पास से चार मोबाइल फोन, एक कार, एक मोटरसाइकिल और नगद राशि बरामद हुई, जिसकी कुल कीमत लगभग 3 लाख रुपये आंकी गई है। क्राइम ब्रांच ने जनता से अपील की है कि वे इस तरह के अवैध गतिविधियों से दूर रहें और अगर उन्हें कहीं भी ऑनलाइन सट्टेबाजी या अन्य गैरकानूनी गतिविधियों की जानकारी मिले तो तुरंत पुलिस को सूचित करें।

पकड़े गए आरोपियों को हिंगणा पुलिस के हवाले कर दिया गया है, जहां उनके खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है। पुलिस यह भी पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इस सट्टेबाजी के तार किसी बड़े गिरोह से जुड़े हैं या नहीं। यह कार्रवाई पुलिस की सतर्कता का नतीजा है, जिससे एक बार फिर नागपुर में अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी करने वालों को सबक मिला है। पुलिस की यह मुहिम आगे भी जारी रहेगी।

ऑनलाइन सट्टेबाजी का बढ़ता जाल

ऑनलाइन सट्टेबाजी का चलन तेजी से बढ़ रहा है, जिसमें मोबाइल ऐप और इंटरनेट के माध्यम से लोग आसानी से सट्टे में लिप्त हो रहे हैं। 'लाइव लाइन' जैसी कई ऐप्स के जरिए लोग क्रिकेट और अन्य खेलों पर दांव लगाते हैं।

नवीन बीना बौद्ध विहार में उत्साहपूर्वक मनाई गई त्यागमूर्ति माता रमाई भीमराव आंबेडकर जयंती

खापरखेड़ा.

नवीन बीना बौद्ध विहार में भारतीय बौद्ध महासभा, आम्रपाली एवं संघमित्रा महिला मंडल तथा राहुल नवयुवक संघ, नवीन बीना के संयुक्त तत्वावधान में त्यागमूर्ति माता रमाई भीमराव अंबेडकर की जयंती उत्साहपूर्वक मनाई गई।

कार्यक्रम की शुरुआत तथागत गौतम बुद्ध, संविधान निर्माता डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर और माता रमाई के चित्रों एवं प्रतिमा पर माल्यार्पण और सामूहिक बुद्ध वंदना से हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सभापति पंचायत समिति, कामठी दिशा चनकापुरे उपस्थित रहीं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि महिलाएं आपसी संवाद में प्रमुख भूमिका निभाती हैं और उन्हें प्रबुद्ध विचारों का प्रचार-प्रसार करना चाहिए, यही माता रमाई को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

विशेष अतिथि सरपंच शालिनी अनेश चवरे ने माता रमाई के त्याग और उनके आदर्शों को दैनिक जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी।

भारतीय बौद्ध महासभा नवीन बीना के अध्यक्ष डॉ. जितेंद्र सावजी तागड़े ने डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर के संघर्ष में माता रमाई के योगदान को रेखांकित करते हुए "सर्वांची आई त्यागमूर्ती माता रमाई" का नारा दिया।

कार्यक्रम में बच्चों द्वारा रंगारंग नृत्य प्रस्तुतियां दी गईं, जबकि प्रीति गोलाईत द्वारा प्रस्तुत लघु नाटक 'रमाई' ने उपस्थित लोगों का ध्यान आकर्षित किया। ज्ञानेश्वर ढोके, प्रमोद चव्हाण, मीना नरेश ढोके और सुषमा ढोके ने गीतों के माध्यम से माता रमाई को श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर रविंद्र ढोके, अनिल लांजेवार, नरेश डोंगरे, मुकेश बागडे, आनंद वासनिक, पृथ्वीराज गोलाईत, लक्ष्मण लांजेवार, तुळशिराम बागडे, मनोहर गजभिये, ओमप्रकाश गौरकर, भैयाजी सोनटक्के, किशोर चव्हाण, कृष्णाजी वासनिक, अशोक कांबळे, अभियंता उत्तम खोब्रागडे, सुरेश गजभिये समेत अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

संघमित्रा महिला मंडल की कांता बागडे, अंजना मेश्राम, रेखा लांजेवार, बेबी वासनिक, राधा गौरकर, निर्मला चिमनकर, प्रभा लोखंडे, मीना मेश्राम, नंदा सोमकुंवर, सत्यभामा वासनिक, सत्यफुला कांबले, मालवी नारनवरे, सुनंदा लांजेवार, सारिका तागडे, प्रीती गोलाईत, प्रिया डोंगरे, प्रगती बागडे, रोहिणी धनवटे, आशा गौरकर, मनीषा ढोके सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक एवं बच्चे भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का प्रस्तावना वंदना गणवीर ने रखा, सूत्रसंचालन विशाखा ढोके ने किया और आभार कल्पना वासनिक ने व्यक्त किया।

आगामी चुनाव जीतने के लिए काम करें: राजस्व मंत्री बावनकुले

देवली.

महाराष्ट्र में आगामी ज़िला परिषद, नगरपालिका और स्थानीय निकाय चुनाव अगले तीन महीनों में आयोजित किए जाएंगे। इन चुनावों में जीत सुनिश्चित करने के लिए कार्यकर्ताओं को अभी से मेहनत करनी होगी, ऐसी अपील प्रदेश के राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने की।

यह वक्तव्य उन्होंने विधायक राजेश बकाने के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित नागरी सत्कार समारोह में दिया। यह कार्यक्रम विदर्भ केसरी रामदास तडस इनडोर स्टेडियम में आयोजित किया गया था, जहां कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

इस कार्यक्रम में राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले के साथ, संरक्षक मंत्री डॉ. पंकज भोयर, विधायक समीर कुनावार, विधायक सुमित वानखेड़े, भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील गफाट, जिला कलेक्टर वान्मथी सी., न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. प्रमोद गिरी समेत कई प्रमुख हस्तियों को पूर्व सांसद रामदास तडस के हाथों सम्मानित किया गया।

अपने संबोधन में मंत्री बावनकुले ने इस क्षेत्र के विकास कार्यों पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता जताई। उन्होंने कहा कि इस निर्वाचन क्षेत्र में विकास कार्य अपेक्षित गति से नहीं हुए हैं। उन्होंने प्रमुख घोषणाएँ करते हुए कहा:

778 किलोमीटर की क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत की जाएगी।

किसानों के खेतों तक पहुँचने के लिए 'पांधन' (रास्ते) बनाने हेतु 1 करोड़ रुपये की निधि दी जाएगी।

किसानों के बिजली पंप का पाँच साल तक कोई बिजली बिल नहीं लिया जाएगा।

एक विशेष कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया जाएगा, जिससे किसानों को अधिक अधिकार मिलेंगे।

बचत समूहों को बढ़ावा देने के लिए एक 'बचत भवन' का निर्माण किया जाएगा।

मंत्री बावनकुले ने विश्वास जताया कि भाजपा अगले 25 वर्षों तक सत्ता में बनी रहेगी और निरंतर विकास कार्य करती रहेगी।

इस भव्य कार्यक्रम में डब्ल्यूडब्ल्यूई के प्रसिद्ध रेसलर 'द ग्रेट खली' भी मौजूद थे। उन्होंने युवा खिलाड़ियों को खेलों में भाग लेने और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

इस समारोह में पूर्व सांसद सुरेश वाघमारे, पूर्व विधायक दादाराव कैचे, पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष वैशाली येरावार, अर्चना वानखेडे, बंडू जोशी, सुशील उमरे, किशोर फुटाने, नरेंद्र मदनकर, संतोष भोयर, मुरलीधर तपासे, नीलेश कसणारे, मिलिंद भेंडे, नाना ढगे, किरण उरकांडे समेत कई नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

कार्यक्रम का संचालन भाजपा सचिव राहुल चोपड़ा ने किया।

स्पिन ए यार्न ड्रामा प्रतियोगिता: शरज़िल अली बने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता

यवतमाल.

यवतमाल के स्कूल ऑफ स्कॉलर्स में हाल ही में बहुप्रतीक्षित नाटक प्रतियोगिता "स्पिन ए यार्न" का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने अपने बेहतरीन अभिनय कौशल का प्रदर्शन किया। यह कार्यक्रम रचनात्मकता, उत्कृष्ट अभिनय और दर्शकों की उत्साही प्रतिक्रियाओं से भरपूर रहा।

इस प्रतियोगिता में कई प्रतिभाशाली छात्रों ने हिस्सा लिया, लेकिन कक्षा 9 के छात्र शरज़िल अली ने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार जीतकर सभी का दिल जीत लिया। उन्होंने अपने मुख्य किरदार को इतनी शानदार तरीके से निभाया कि दर्शकों और निर्णायकों ने उनके प्रदर्शन की भावनात्मक गहराई, त्रुटिहीन अभिव्यक्ति और प्रभावशाली मंच उपस्थिति के लिए जमकर सराहना की। इसके अलावा,

कक्षा 9 के मास्टर यथार्थ वारभे और कक्षा 8 के मास्टर तसिफ शेख ने भी अपने दमदार अभिनय से दर्शकों को प्रभावित किया। प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागियों ने अपनी अद्वितीय प्रस्तुतियों से मंच पर जान डाल दी।

इस कार्यक्रम की सफलता का श्रेय प्रदीप मांडवकर को भी जाता है, जिन्होंने प्रत्येक प्रतिभागी का मार्गदर्शन किया और उन्हें अपनी भूमिकाओं में वास्तविकता और गहराई जोड़ने के लिए प्रेरित किया।

"स्पिन ए यार्न" नाटक प्रतियोगिता ने छात्रों को अपनी कलात्मक प्रतिभा निखारने और मंच पर आत्मविश्वास बढ़ाने का सुनहरा अवसर प्रदान किया। स्कूल ऑफ स्कॉलर्स हमेशा युवा कलाकारों को प्रोत्साहित करने और प्रदर्शन कलाओं के प्रति प्रेम को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध रहा है।

प्रतियोगिता की शानदार सफलता के बाद, छात्र और शिक्षक अब इसके अगले संस्करण का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

डेढ़ साल की बेटी के साथ महिला ने कुएं में कूदकर की आत्महत्या

हिंगनघाट. हिंगनघाट के वडनेर पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत फुकटा शिवरा में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक चरवाहा महिला ने अपनी डेढ़ साल की बेटी के साथ कुएं में कूदकर आत्महत्या कर ली।

मृतका की पहचान शशिकला पिंटू घुले (24 वर्ष), निवासी परसोडी, तालुका कलंब, जिला यवतमाल के रूप में हुई है, जबकि मृत बच्ची का नाम कविता पिंटू घुले (डेढ़ साल) था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, 25 वर्षीय पिंटू नथूजी घुले, निवासी परसोडी, कलंब (यवतमाल), पेशे से चरवाहा हैं। वह अपनी पत्नी और बेटी के साथ फुकटा शिवरा में भेड़ें चराने आया था। घटना के दिन उसने भेड़ों को चराने के बाद जाल में बंद कर दिया, लेकिन कुछ भेड़ें पास के खेत में चली गईं।

पिंटू घुले ने अपनी पत्नी शशिकला को भेड़ें लाने को कहा, लेकिन उसने जाने से मना कर दिया। इस पर पिंटू ने गुस्से में आकर उसकी गाल पर थप्पड़ मार दिया और उसे भेड़ें लाने के लिए कहा। इससे आहत होकर शशिकला अपनी डेढ़ साल की बेटी कविता को साथ लेकर खेत में स्थित एक कुएं में कूद गई, जिससे दोनों की दर्दनाक मौत हो गई।

पुलिस जांच जारी

घटना की सूचना मिलते ही वडनेर पुलिस थाना को जानकारी दी गई। उपविभागीय पुलिस अधिकारी रोशन पंडित, थानेदार लोकरे और पुलिस उपनिरीक्षक हेकड़ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच जारी है। इस दुखद घटना ने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी है और घरेलू विवादों से जुड़े गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

खेल एवं सांस्कृतिक महोत्सव का पुरस्कार वितरण समारोह उत्साहपूर्वक संपन्न

वर्धा.

स्वतंत्रता सेनानी लाला लाजपत राय की जयंती के अवसर पर आयोजित खेल एवं सांस्कृतिक महोत्सव का पुरस्कार वितरण समारोह बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ संपन्न हुआ। यह समारोह लाला लाजपत राय प्राथमिक विद्यालय और गफ्फार उर्दू प्राथमिक विद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में 27 से 29 जनवरी के बीच आयोजित किया गया था, जिसका समापन हाल ही में लाला लाजपत राय प्राथमिक विद्यालय में हुआ।

समारोह की अध्यक्षता नगर परिषद के मुख्याधिकारी अभिजीत मोटघरे ने की, जबकि हिंगणघाट पंचायत समिति में कार्यरत उद्यमी शिक्षिका दीपाली सावंत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थीं।

इस अवसर पर विद्यालय स्तर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। इन प्रतियोगिताओं में नृत्य, 50 मीटर दौड़, तालाब-बगीचा, नींबू चम्मच दौड़, बोरी दौड़, म्यूजिकल चेयर, आलू दौड़, रंगोली, चित्रकला, अनुलेखन, गुलदस्ता बनाना और संविधान आधारित चित्रांकन जैसी रोचक गतिविधियाँ शामिल थीं। प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं शिक्षण सामग्री देकर सम्मानित किया गया, साथ ही अन्य प्रतिभागियों को भी प्रोत्साहित किया गया। मुख्य अतिथि दीपाली सावंत ने इस अवसर पर विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहानियों के माध्यम से पढ़ाई और अच्छी आदतों का महत्व समझाया। वहीं, अध्यक्षीय भाषण में अभिजीत मोटघरे ने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और स्कूल से जुड़े मामलों पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने विद्यालय की सुरक्षा दीवार स्वीकृत होने और अन्य आवश्यक सुविधाएँ शीघ्र उपलब्ध कराए जाने की जानकारी भी दी। कार्यक्रम के प्रारंभ में स्वतंत्रता सेनानी लाला लाजपत राय की प्रतिमा का पूजन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस कार्यक्रम का संचालन मोहिनी कौरती ने किया, जबकि लाला लाजपत राय प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक नीलेश गुलहाने ने कार्यक्रम का परिचय दिया। वहीं, गफ्फार उर्दू प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक मोहम्मद जावेद ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस समारोह में बड़ी संख्या में अभिभावक और शिक्षक उपस्थित थे, जिन्होंने बच्चों के उत्साह को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

तीन और गांवों में हुई बाल झड़ने की समस्या, कोमा में स्वास्थ्य व्यवस्था

>अभी आईसीएमआर की रिपोर्ट आनी बाकी

बुलढाणा. शेगांव तहसील में बाल झड़ने की समस्या बढ़ती ही जा रही है. पिछले महीने से बुलढाणा जिले की शेगांव और खामगांव तहसील के कुल 13 गांव में नागरिकों के बाल झड़ने की बात सामने आई थी. अब इस समस्या से तहसील के और तीन गांव पीड़ित हो गए हैं.

स्वास्थ्य व्यवस्था स्थापित होने के बाद देश भर के स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न टीमें इन गांवों में पहुंचीं और जांच के लिए विभिन्न नमूने लिए. हालाँकि, अभी तक बाल झड़ने का ठोस कारण सामने नहीं आया है. नतीजे आने से पहले ही अब शेगांव तहसील के तीन और गांवों में नागरिकों के बाल झड़ने का मामला सामने आया है. तहसील के कनारखेड गायगाव और वरखेड खुर्द के 20 से अधिक मरीज इस बाल झड़ने की बीमारी की चपेट में आ गए हैं.

सांसद वानखडे अचानक पहुंचे जिला परिषद स्कूल, चेक किए रजिस्टर, अध्यापकों की लगा दी क्लास

अमरावती. शुक्रवार को सांसद बलवंत वानखडे अचानक मेलघाट की जिला परिषद् स्कूल और सरकारी दफ्तरों का निरीक्षण करने पहुंचे. उन्होंने कुछ शासकीय कार्यालयों को औचक भेंट देकर वहां का कामकाज देखा. वानखड़े धारणी तहसील की कुछ जिला परिषद स्कूलों में भी गए. सांसद महोदय को देखकर अध्यापक और शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की सिट्टीपिट्टी गुम हो गई. सांसद ने हाजरी रजिस्टर देखा और कुछ देर परिसर का अवलोकन भी किया.

उन्होंने बीजू धावडी की शाला को भेंट दी. वहां का हाल खुद अपनी आंखों से देखकर आम तौर पर शांत स्वभाव के माने जाने वाले वानखडे भी आग बबूला हो गये. उन्होंने मौजूद अध्यापक और कर्मचारियों की क्लास लगाई. उन्होंने कर्मचारियों को आडे हाथ लेते हुए कहा कि कोई अपने बच्चों को ऐसी स्कूल में भेजेंगे जहां इतनी गंदगी है.

शाला परिसर में चोकअप नाली और कूडा-कर्कट का ढेर देख सांसद गुस्से में आ गये. कर्मचारी अनुपस्थित, मस्टर लेकर हाजरी-बलवंत वानखडे ने देखा कि स्कूल के कई कर्मचारी व अध्यापक नदारद है. उन्होंने रजिस्टर लेकर स्वयं अवलोकन किया. मस्टर पर दस्तखत कर भाग जानेवाले कर्मचारियों को उन्होंने चेतावनी दी है. उन्होंने यह भी कहा कि अगली बार आया तो यहां साफ सफाई दिखाई देनी चाहिए. गांव के लोगों ने सांसद की इस कार्यवाही पर संतोष जताया.

मुख्यमंत्री बलिराजा मुफ्त बिजली योजना के तहत जिले के एक लाख 30 हजार किसानों का बिजली बिल हुआ शून्य

यवतमाल.

पिछले कुछ वर्षों में जलवायु परिवर्तन, सूखा और लगातार बंजरता के कारण राज्य के किसान हताश हो गये हैं। ऐसे किसानों को राहत देने के लिए, राज्य सरकार ने उनके कृषि पंपों को मुफ्त बिजली प्रदान करके उनके वित्तीय बोझ को कम करने के लिए मुख्यमंत्री बलिराजा मुफ्त बिजली योजना शुरू की। इस योजना के तहत जिले के 1 लाख 30 हजार किसानों को दिसंबर माह के अंत तक 266 करोड़ का बिजली बिल माफ किया गया है।

भारत में कृषि मुख्यतः वर्षा पर निर्भर है। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में वैश्विक जलवायु परिवर्तन के कारण मौसमी मौसम में भारी बदलाव देखने को मिल रहा है। इसका खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है। ऐसी कठिनाइयों का सामना कर रहे कृषि पंप उपभोक्ता किसानों को अपने वित्तीय बोझ को कम करने

के लिए मुफ्त बिजली प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री बलिराजा मुफ्त बिजली योजना शुरू की गई है। इस योजना की घोषणा उप मुख्यमंत्री अजीत पवार ने मानसून सत्र के दौरान की थी।

जिले में 1 लाख 30 हजार किसान योजना के लाभार्थी हैं। इसमें बिजली वितरण के दारव्हा डिवीजन में 38 हजार 412 किसान, पांढरकवडा डिवीजन में 27 हजार 597 किसान, पुसद डिवीजन में 41 हजार 872 किसान और यवतमाल डिवीजन में 22 हजार 994 किसान शामिल हैं। योजना शुरू होने से लेकर दिसंबर माह के अंत तक जिले के इन किसानों को 266 करोड़ का बिजली बिल माफ किया जा चुका है। प्रदेश में इस योजना से 44 लाख 3 हजार किसान लाभान्वित हो रहे हैं। राज्य में 47.41 लाख कृषि पंप उपभोक्ता हैं। कुल उपभोक्ताओं में से 16 प्रतिशत कृषि पंप उपभोक्ता हैं और कुल ऊर्जा खपत का लगभग 30 प्रतिशत कृषि क्षेत्र के लिए है। कृषि उपभोक्ताओं की वर्तमान कुल वार्षिक बिजली खपत 39 हजार 246 मिलियन यूनिट है। उक्त विद्युत का उपयोग मुख्यतः कृषि पम्पों को विद्युत आपूर्ति हेतु किया जाता है।

अंतरराज्यीय चोर गिरोह का अकोला पुलिस ने किया भंडाफोड

अकोला. अकोला स्थानीय अपराध शाखा पुलिस ने दुकानों के शटर तोड़कर सामान लूटने वाले एक कुख्यात अंतर्राज्यीय गिरोह को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। इस गिरोह ने महाराष्ट्र के विभिन्न जिलों के साथ-साथ कर्नाटक और तेलंगाना में भी 17 अपराध किए हैं। यह एक कुख्यात गिरोह है जो बुलेट वाहन चुराता है और दुकानों के शटर तोड़ता है।

शहर के अलंकार मार्केट में बंद सात से आठ दुकानों के शटर उठाकर चोरी की सनसनीखेज वारदात 29 फरवरी 2024 को सामने आई थी। पांच संदिग्धों ने शहर से सात दोपहिया वाहन चुराए और उनका इस्तेमाल अपराध के लिए किया। पुराने शहर क्षेत्र में सात से आठ बंद दुकानों में भी चोरी की गयी। चोर सात मोटरसाइकिलों में से दो बुलेट मोटरसाइकिल लेकर भाग गए थे। घटना की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय अपराध शाखा के पुलिस निरीक्षक शंकर शेलके ने एक टीम गठित कर आरोपी को धर दबोचा। टीम ने अहमदनगर जिले तक पांच संदिग्धों का पीछा किया था। हालाँकि, वे फरार हो गए थे। उस समय टीम ने अमरावती (ग्रामीण) से आरोपी फरहान अहमद अब्दुल गफ्फार को गिरफ्तार किया था। आरोपी ने कबूल किया था कि उसके साथ सुरेश नारायण (निवासी वेंकटपुरा मैकाजिरी, लोथेकुटा, त्रिमुलगिरी, हैदराबाद, तेलंगाना) और अशोक गंगाधर रेड्डी (निवासी हनुमंतपुरा, अरुर, जिला बल्लापुर, कर्नाटक) भी थे। दोनों आरोपियों को सोलापुर से गिरफ्तार किया गया है। इन आरोपियों ने अकोला जिले में छह अपराधों के साथ-साथ अमरावती (शहर), नागपुर ग्रामीण, वाशिम और हिंगोली जिलों में बंद दुकानों में भी चोरी की है।

सिटी ई-गवर्नेंस सर्वे में राज्य के छठे स्थान पर अमरावती नगर पालिका

अमरावती. अमरावती नगर पालिका को राज्य में नगर निगमों के सिटी ई-गवर्नेंस इंडेक्स में छठी रैंक मिला है। राज्य के 29 नगर निगमों में अमरावती नगर पालिका ने छठा स्थान हासिल किया है। मनपा आयुक्त सचिन कलांतरे ने विश्वास जताया है कि नगर पालिका नागरिकों को अपेक्षित पारदर्शी सेवाएं प्रदान करना जारी रखेगी और वे प्रयास करते रहेंगे। भारत सरकार और राज्य सरकार की ई-गवर्नेंस नीति और संयुक्त राष्ट्र की ई-गवर्नेंस रिपोर्ट का अध्ययन करके हर साल ई-गवर्नेंस सूचकांक मानदंड निर्धारित किए जाते हैं। इसमें अमरावती नगर पालिका ने राज्य की नवी मुंबई, कल्याण डोंबिवली, ठाणे, नासिक, सोलापुर, वसई विरार, पनवेल और नागपुर नगर पालिकाओं को पीछे छोड़ दिया है। नीति अनुसंधान संगठन ने नगर निगमों के ई-गवर्नेंस की वर्तमान स्थिति का अध्ययन करके यह सूचकांक तैयार किया है। मनपा आयुक्त सचिन कलांतरे ने सिस्टम मैनेजर अमित डेंगरे और पूरे कंप्यूटर विभाग की सराहना की है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया है कि नगर निगम नागरिकों को अपेक्षित पारदर्शी सेवाएँ प्रदान करने का प्रयास करता रहेगा।

खामगांव अकोला मार्ग पर भीषण अपघात, एक व्यक्ति की मौत

बुलढाणा. शनिवार सुबह अकोला खामगांव मार्ग पर चार्जर ढाबे के समीप भीषण सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई. यह घटना सुबह आज साढ़े 10 बजे हुई. आज सुबह साढ़े दस बजे के दरमियान अकोला के आकृति नगर निवासी भगवान शर्मा अकोला से खामगांव की ओर जा रहे थे. इसी दौरान पारस फाटे से खामगांव की दिशा में अंदाजन 700 मीटर की दूरी पर चार्जर ढाबे के समीप उनके दो पहिया वाहन को एक अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी. इसमें दो पहिया चालक भगवान शर्मा आकृति की घटनास्थल पर मौत हो गई. अज्ञात वाहन ने टक्कर मारने के बाद उन्हें कुचल दिया जिस कारण उनकी घटनास्थल पर मौत हो गई. घटना के बाद बालापुर पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर पंचनामा कर शव को बालापुर आरोग्य केंद्र भेजा गया.

निधन वार्ता

निधन समाचार के निःशुल्क प्रकाशन हेतु संपर्क करे हमे ई-मेल करे ngpms2019@gmail.com



विजया जारोंडे

वर्धा. शरद पवार दंत महाविद्यालय के प्रशासकीय अधिकारी अभय जारोंडे की माताजी विजया ल्युकस जारोंडे (81) का शनिवार, 8 फरवरी को लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वे शिवनगरी, सावंगी मेघे की निवासी थीं। उनका अंतिम संस्कार सावंगी मेघे के स्थानीय क्रिश्चियन ग्रेव यार्ड में संपन्न हुआ।

करोड़ों खर्च होने के बाद भी स्थिति 'ज्यों की त्यों', मेलघाट में इस साल भी पानी की कमी

> करोड़ों खर्च होने के बाद भी स्थिति 'ज्यों की त्यों', मेलघाट में इस साल भी पानी की कमी

मेलघाट.

लगभग 60 गांवों में टैंकरों से होगी पानी आपूर्ति माध्यम से पानी की आपूर्ति करने का समय आ जाएगा। कुछ तहसील की मांग अभी भी लंबित है। जिले में मेलघाट के चिखलदरा तहसील में सबसे ज्यादा कमी है। कुछ हद तक इसमें धारणी, चांदुर रेलवे तहसील के गांव शामिल हैं। इस वर्ष भी चिखलदरा को ध्यान में रखते हुए एक कार्य योजना तैयार की जा रही है। आमतौर पर जनवरी का महीना खत्म होते ही कई गांवों में पानी की कमी हो जाती है। मेलघाट के कई गांवों के निवासियों को गांव के बाहर वाड़ियों से पानी लाना पड़ता है। यही क्रम पिछले कई दशकों से चला आ रहा है। प्रस्तावित उपायों के मुताबिक इस साल का बजट करीब ढाई करोड़ होगा। तीन-चार तहसीलों से अभी भी सूचना नहीं मिलने के कारण जल संकट उन्मूलन योजना रुकी हुई है।

नई पाइपलाइनें, कुओं को गहरा करना, निजी कुओं का अधिग्रहण, पाइपलाइनों की विशेष मरम्मत, अस्थायी पूरक पाइपलाइन, टैंकरों के माध्यम से पानी की आपूर्ति, विंधन कुओं की विशेष मरम्मत आदि जैसे उपाय सुझाए गए हैं।

अक्टूबर से दिसंबर 2024 की तिमाही में जल संकट राहत कार्यों पर 29.22 लाख रुपये खर्च किये गये हैं। यह फंड जिले के 20 गांवों में नलों की मरम्मत, टैंकरों से पानी की आपूर्ति और कुओं के अधिग्रहण पर खर्च किया गया है। गर्मी के मौसम के पहले तीन महीनों की अभी तक योजना नहीं बनाई गई है। जनवरी से मार्च की तिमाही के लिए जल संकट की योजना दिसंबर के अंत से पहले तैयार की जाती है। लेकिन कारण यह बताया जा रहा है कि अभी तक गांवों से कोई प्रस्ताव नहीं मिला है।

जिले के 776 गांव पानी की कमी से जूझ रहे हैं। इनमें से अधिकतर गांव चिखलदरा के सुदूर गांव हैं। पिछले साल जिले के करीब 700 से 800 गांवों को पानी की कमी का खामियाजा भुगतना पड़ा था, जबकि प्रशासन को 20 गांवों में टैंकरों से पानी पहुंचाने की नौबत आ गई थी।

करोड़ों खर्च के बावजूद अभाव की स्थिति

पिछले कुछ वर्षों में सरकार ने चिखलदरा के गांवों की पानी की कमी को दूर करने के लिए करोड़ों रुपये खर्च किए हैं। लेकिन अभी भी अभाव की स्थिति जस की तस है। प्रशासन का कहना है कि इसके लिए चिखलदरा और मेलघाट की भौगोलिक परिस्थितियां जिम्मेदार हैं। पानी का भंडारण नहीं होना और अन्य समस्याएं इसका कारण हैं। हालांकि, सरकार अभी भी स्थायी जलापूर्ति योजना तैयार कर रही है। पिछले साल जून और जुलाई तक कई गांवों में टैंकरों से पानी की सप्लाई की गई थी।

शराबियों के अड्डे बन रहे फुटपाथ के चखना विक्रेता

नागपुर.

खापरखेड़ा क्षेत्र में बीते कई दिनों से मुख्य मार्ग सहित अन्य स्थानों पर अंडा-आमलेट, डिस्पोजेबल ग्लास, पानी और चखना बेचने वाले फुटपाथ दुकानदारों की दुकाने शराब पीने के अड्डे बन चुकी हैं। शराबी ग्राहक इन दुकानों पर आकर खुलेआम शराब पीते हैं और दुकानदार उनसे दुगुने दाम वसूलकर मुनाफा कमाने में जुटे हैं।

रात होते ही ये दुकानें शराबियों से भर जाती हैं, जहां बिना किसी रोक-टोक के शराब पी जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इन दुकानदारों ने अवैध रूप से फुटपाथ पर कब्जा कर लिया है और प्रशासन की लापरवाही के कारण यह गैरकानूनी धंधा बेधड़क चल रहा है।

इन अवैध शराब अड्डों के कारण क्षेत्र में अपराधों में बढ़ोतरी हो रही है। शराब के नशे में धुत्त लोग अक्सर गाली-गलौच और झगड़े करते नजर आते हैं, जिससे आसपास के लोगों को भी काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। खापरखेड़ा के कुछ नागरिकों ने स्थानीय पुलिस को इसकी जानकारी दी, जिसके बाद पुलिस ने केवल एक दुकान पर कार्रवाई कर मामला रफा-दफा कर दिया, जबकि

उसी के पास मौजूद अन्य अवैध दुकानें अब भी धड़ल्ले से चल रही हैं।

बताया जा रहा है कि कई फुटपाथ दुकानों में अवैध रूप से शराब भी बेची जाती है। शराबी ग्राहक बियर बार, वाइन शॉप या फिर अवैध रूप से शराब बेचने वालों से महंगे दामों पर शराब खरीदकर इन दुकानों पर बैठकर पीते हैं। इस वजह से खापरखेड़ा क्षेत्र में रेलवे चौकी से लेकर रेलवे फाटक, चिचोली रोड, रोपवे कॉलोनी गेट, कोराडी देवी मंदिर रोड और अण्णा मोड़ जैसे स्थानों पर यह गोरखधंधा तेजी से फैल रहा है। इतना ही नहीं, खापरखेड़ा के कुछ होटल और ढाबों में भी यह गैरकानूनी धंधा चलता है। वहां शराबियों को खुलेआम शराब पीने दी जाती है, ताकि वे चिकन, मटन जैसी चीजें ऑर्डर करें और होटल-ढाबे का अवैध धंधा फलता-फूलता रहे।

पुलिस की लापरवाही से जनता परेशान

रात के समय इन अवैध दुकानों में शराबियों की भीड़ लगी रहती है। वे कहीं भी बैठकर शराब पीते हैं और नशे में धुत होकर गाली-गलौच और मारपीट करने लगते हैं। इससे आसपास के दुकानदारों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय नागरिकों ने कई बार पुलिस को इसकी सूचना दी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इस लापरवाही से जनता में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

जनता की मांग: सभी अवैध दुकानों पर लगे रोक

स्थानीय लोगों की मांग है कि प्रशासन को इस अवैध शराबखोरी पर तुरंत रोक लगानी चाहिए। पुलिस को चाहिए कि वह सिर्फ नाममात्र की कार्रवाई न करे, बल्कि इस गोरखधंधे में शामिल सभी दुकानदारों पर कड़ी कार्रवाई कर क्षेत्र को इस समस्या से मुक्त कराए।

राज्यस्तरीय भगवान महावीर निबंध स्पर्धा में नागपुर जिले को तृतीय पुरस्कार

> राजभवन में हुआ भव्य समारोह

मुंबई.

भगवान महावीर स्वामी के 2550वें निर्वाण कल्याणक महोत्सव के अवसर पर महाराष्ट्र सरकार द्वारा भगवान महावीर स्वामी की जीवनी पर आधारित एक भव्य राज्य स्तरीय निबंध स्पर्धा आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में राज्य की 1,04,000 स्कूलों से लाखों विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

इस निबंध प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह फरवरी 2025 में राजभवन, मुंबई में आयोजित हुआ। महाराष्ट्र के राज्यपाल महामहिम सी.सी. राधाकृष्णनजी के करकमलों द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर महाराष्ट्र के कौशल विकास मंत्री मंगलप्रभात लोढ़ा, जैन अल्पसंख्यक आर्थिक विकास महामंडल के अध्यक्ष ललित गांधी, भाजपा जैन प्रकोष्ठ प्रदेश प्रमुख संदीप भंडारी, महामंत्री विकास अच्छा एवं अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

इस प्रतियोगिता में पहला पुरस्कार कोल्हापुर जिले को, दूसरा पुरस्कार नासिक जिले को तथा तृतीय पुरस्कार नागपुर जिले को प्राप्त हुआ। नागपुर जिले की ओर से महावीर 2550 निर्वाण महोत्सव समिति की प्रीति नितीन रांका एवं संगीता रांका ने यह सम्मान राज्यपाल महामहिम सी.सी. राधाकृष्णनजी के हाथों प्राप्त किया। इसके अलावा, राज्य स्तर पर नागपुर के दो विद्यार्थियों दादा धनवटे कॉलेज के कनिष्क गुप्ता और ब्लॉसम स्कूल की शिविका जैन को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य भगवान महावीर के अहिंसा, अपरिग्रह एवं सिद्धांतों को विद्यार्थियों के जीवन में आत्मसात कराना था। नागपुर जिला स्तर पर भी कई विद्यार्थियों का चयन किया गया। इनमें प्राची ओमप्रकाश बिसेन, पूर्वी गेडाम, मानसी कालसुरे, कुशांक देशमुख, इशिता सरदकर देशमुख, वेंकट डोमपाला, आराध्या जैन, स्वरा गोयरखड़े, मानसी रामटेके और मोक्षदा टेंबुरकर शामिल हैं। इन विद्यार्थियों का सम्मान जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला कार्यालय में किया जाएगा, जिसकी रूपरेखा शीघ्र घोषित की जाएगी।

भगवान महावीर 2550वां निर्वाण कल्याणक महोत्सव समिति, नागपुर एवं अन्य सदस्यों ने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए अथक प्रयास किए। समिति के निखिल कुसुमगर, अनिल जैन, पायल मेहता, मोहित बोथरा, मोहित मेहता, प्रफुल खिवसरा, रिचा जैन, राजन धधा, प्रज्ञा मोदी, पूजा टेटेड, नीतू कटारिया, गीता चल्लानी और सुमिता जोगड़ सहित कई प्रमुख सदस्यों ने विद्यार्थियों का अभिनंदन किया।

इस भव्य आयोजन ने विद्यार्थियों में भगवान महावीर के सिद्धांतों के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

औद्योगिक क्षेत्र के उद्योगपतियों ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

> विधायक विजय चौरे की अभद्र टिप्पणी पर जताई नाराजगी, जांच की मांग

सौंसर.

औद्योगिक क्षेत्र के उद्योगपतियों ने विधायक विजय चौरे द्वारा की गई कथित अभद्र टिप्पणी और धमकीपूर्ण व्यवहार के खिलाफ शुक्रवार को जिला कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। लघु उद्योग भारती, इकाई बोरगांव के सभी उद्यमियों ने विधायक के इस व्यवहार को अनुचित बताते हुए उचित जांच और आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

ज्ञापन में उद्योगपतियों ने कहा कि विधायक द्वारा अपमानजनक शब्दों का प्रयोग और धमकी भरा रवैया अपनाने से वे असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में न तो कोई नया उद्योग स्थापित किया जा सकता है और न ही वर्तमान उद्योगों का विस्तार संभव है। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के बयानों से औद्योगिक विकास बाधित होगा और सामाजिक सौहार्द पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। उद्योगपतियों ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि औद्योगिक क्षेत्र को सुरक्षित रखने और व्यापारिक माहौल को सकारात्मक बनाए रखने के लिए मामले की निष्पक्ष जांच कर उचित कदम उठाए जाएं। विधायक विजय चौरे ने इस मुद्दे पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि औद्योगिक क्षेत्र में कई इकाइयों से निकलने वाला प्रदूषित जल आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंच रहा है, जिससे पशुओं और ग्रामीणों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। दूषित जल से कुएं भी प्रभावित हो रहे हैं, जिससे खेती-किसानी को नुकसान हो रहा है।

कश्मीरी बाबा का छः माही उर्स धूमधाम से मनाया गया

नागपुर.

हजरत मोहम्मद बख्श बगदादी कादरी जलाली कश्मीरी बाबा के छः माही उर्स के अवसर पर 8 फरवरी 2025 को नमाज-ए-जोहर के बाद कुरान ख्वानी आयोजित की गई। इसके बाद बाबा जान के सज्जादा नशीन अहमद बख्श खान (दीवाने आशिक), पीरोमुरशिद सूफी इकबाल आज़मी और बाबा के परपोते असहद खान कादरी (छोटे बाबा) की सरपरस्ती में गरीब नवाज खिदमत कमेटी की मुख्य संयोजक व महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग की सचिव शायदा अहमद खान चिश्ती के घर से संदल और चादर का जुलूस निकाला गया।

यह जुलूस कलमना शहर का गश्त करते हुए कामठी कब्रिस्तान

स्थित बाबा जान के दरबार शरीफ पहुंचा। वहां गरीब नवाज खिदमत कमेटी के अध्यक्ष आहद खान कादरी, सूफी इकबाल आज़मी, अब्दुल असलम कादरी, मकसूद पटेल और मतबुल पटेल ने बाबा जान की मजार-ए-पाक पर चादर, संदल, फूल और इत्र पेश किया। इस अवसर पर देश में अमन-चैन, आपसी भाईचारा और मोहब्बत व इंसानियत की दुआ मांगी गई।

छः माही उर्स के इस मौके पर मदरसे से आए हाफिजों और आलिमों की दस्तारबंदी की गई। जायरीनों के लिए गरीब नवाज खिदमत कमेटी के अध्यक्ष आहद खान कादरी द्वारा विशेष रूप से नियाज और लंगर का आयोजन किया गया।

बौद्ध विहार सौंसर में मनाई गई रमाई आंबेडकर जयंती

सौंसर.

सेवा, समर्पण, बलिदान, त्याग, साहस और धैर्य की प्रतीक रमाई आंबेडकर की जयंती के अवसर पर बौद्ध विहार सौंसर में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम भारतीय बौद्ध महासभा और रमाई आंबेडकर महिला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत तथागत गौतम बुद्ध, डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर और आई रमाई आंबेडकर के चित्रों के समक्ष मोमबत्ती प्रज्वलित कर, माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके बाद सामूहिक बुद्ध वंदना का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों के हाथों केक कटवाया गया, जिससे कार्यक्रम में उत्साह और उल्लास का वातावरण बना रहा।

कार्यक्रम में सेवानिवृत्त गिरिजा डोंगरे ने रमाई आंबेडकर के जीवन संघर्ष और उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि रमाई आंबेडकर ने कठिन परिस्थितियों और पारिवारिक गरीबी के बावजूद समाज और देशहित में डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर का संपूर्ण सहयोग किया। उन्होंने त्याग और बलिदान की भावना के साथ अपने स्वास्थ्य की परवाह किए बिना सामाजिक उत्थान में योगदान दिया। उनके विचार और आदर्श आज भी समाज को प्रेरित करते हैं।

इस अवसर पर ज्योति बंसोड, कल्पना गजभिए, चंदा सहारे, कंचन गजभिए, कुसुम सहारे, नितल हनवते, हिरामन सोमकुंवर, सुरेश दुफारे, प्रवीण ठवरे, राजेंद्र गजभिए सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

महाकुंभ में बढ़ी भीड़, प्रयागराज जाने वाले महामार्गों पर लगे लंबे जाम

> महाराष्ट्र से जाने वाले वाहनों को कटनी-रीवां में रोका

प्रयागराज.

प्रयागराज में आयोजित महाकुम्भ में शनिवार से अचानक भीड़ बढ़ गयी है। मौनी अमावस्या के बाद श्रद्धालुओं की संख्या में अचानक कमी आयी थी। लेकिन भीड़ की स्थिति के सामान्य होने के बाद अचानक से श्रद्धालुओं का रुख प्रयागराज की तरफ बढ़ने लगा जिस वजह से न केवल प्रयागराज की सीमा में प्रवेश से पहले कई किलोमीटर का जाम लग गया है। बल्कि महाराष्ट्र की ओर से जाने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों को मध्य प्रदेश के कटनी और रीवा में ही रोका जा रहा है। श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए प्रयागराज प्रशासन ने लोगों से 11 फ़रवरी तक महाकुंभ नहीं आने आवाहन किया है।

महाकुंभ 2025 अपनी शुरुआत से लोगों में आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। इसी का कारण था 13 जनवरी से शुरू हुए महाकुंभ में करोडो की संख्या में लोग पहुंचने लगे थे। मौनी शाही स्नान के समय यानी मकर संक्रांति, मौनी अमावस्या और वसंत पंचमी के मौके पर कुल 15 करोड़ प्रयागराज पहुंच गए थे। जिसके कारण जिले में वाहनों की लंबी कतारें लग गई। यही नहीं प्रयागराज जाने वाले सभी सड़क

वाहनों से भर गए, जिसके कारण लांबा जाम भी दिखाई दिए। सडको पर लोग 36-36 घंटे जाम में फंसे रहे।

मौनी अमावस्या और वसंत पंचमी के अमृत स्नान की तिथि के बाद प्रयागराज में स्थिति सामान्य हो गयी थी और श्रद्धालुओं की संख्या में भी कमी आयी थी. लेकिन शुक्रवार से अचानक से देश भर से प्रयागराज पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की संख्या अचानक से बढ़ गयी. जिस वजह से कई तरहों की दिक्कते निर्माण हो रही है. प्रयागराज में मौजूद यूसीएन न्यूज़ संवाददाता जिगीषा बुंदेले ने बताया की न केवल संगम क्षेत्र में श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ी है बल्कि प्रयागराज को जुड़ने वाली सभी सडको पर भारी जाम लग गया है..सबसे बड़ी दिक्कत महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश के रास्ते प्रयागराज पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को हो रही है. नागपुर और विदर्भ के अन्य जिलों से प्रयागराज पहुंचने वाले श्रद्धालुओं से यूसीएन न्यूज़ से संपर्क कर वहां की स्थिति के बारे में जानकारी दी है. शुक्रवार सुबह तक स्थिति सामान्य थी लेकिन शनिवार सुबह से ही प्रयागराज की सिमा में वाहनों की संख्या अचानक से बढ़ गयी जिस वजह से यहाँ कई किलोमीटर लम्बा जाम लगा हुआ है. प्रयागराज में स्थिति के असमान्य होने की स्थिति में मेला प्रशासन ने कुम्भ में पहुंचने का नियोजन कर चुके श्रद्धालुओं के आगामी कुछ दिनों तक यात्रा को स्थगित करने का निवेदन किया है.

शुभांक		
श्रीदेवी	367-6	236-1
श्रीदेवी नाईट	346-3	167-4
प्रभात	360-9	135-9
प्रभात नाईट	456-5	-
डायमंड	588-1	234-9
मेन बाजार	-	-
मिलन डे	277-6	299-0
मेन रतन	388-9	124-7
कल्याण	348-5	678-1
राजधानी डे	158-4	370-0
राजधानी नाईट	-	-
कुबेर डे	-	-
डायमंड नाईट	780-5	124-7

विधानसभा में कांग्रेस पर जमकर बरसे सीएम भजनलाल

नई दिल्ली.

बोले- एक भी भ्रष्टाचारी को नहीं छोड़ूंगा

सीएम ने कहा कि कांग्रेस के समय दंश झेलना पड़ता था. जल जीवन मिशन में कांग्रेस की सरकार के समय में सम्पूर्ण देश में अन्तिम पायदान पर रहने का दंश झेलना पड़ता था. केन्द्रीय बजट में प्रधानमंत्री मोदी ने जेजेएम की अवधि बढ़ाकर मार्च, 2028 तक कर दी है. यह है हमारी डबल इंजन सरकार की शक्ति. राजस्थान विधानसभा में टेलीफोन टेपिंग पर दिन भर चले हंगामे के बीच मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राज्यपाल के अभिभाषण पर जवाब देते हुए कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा. हंगामे के बीच बोलते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि कांग्रेस लुटेरों की पार्टी है, जो एक गरीब किसान के बेटे को बोलने नहीं देना चाहती है. कांग्रेस की अंदरूनी राजनीति की वजह से दलित नेता को कांग्रेस पार्टी बोलने का मौका नहीं दे रही है. दो घंटे तक बोलते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि मैं गांव से आया हूं और सरपंच से मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठा हूं. कहां-कहां किसने भ्रष्टाचार किया है, सब जानता हूं और एक भी भ्रष्टाचारी को नहीं छोड़ूंगा. सीएम ने कहा कि कांग्रेस के समय देश झेलना पड़ता था. जल जीवन मिशन में कांग्रेस की सरकार के समय में सम्पूर्ण देश में अन्तिम पायदान पर रहने का दंश झेलना पड़ता था. केन्द्रीय बजट में प्रधानमंत्री मोदी ने जीएसएम की अवधि बढ़ाकर मार्च, 2028 तक कर दी है. यह है हमारी डबल इंजन सरकार की शक्ति. केन्द्रीय टैक्स में राज्य की हिस्सा राशि को भी 75 हजार 156 करोड़ रुपये में 14 प्रतिशत से अधिक वृद्धि करते हुए वर्ष 2025-26 के लिए 85 हजार 716 करोड़ रुपये कर दिया गया है. दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद, जिन्होंने आम बजट 2025-26 में ऐतिहासिक घोषणाएं करके बसंती मौसम को और गुलाबी कर दिया. राजस्थान में 77 लाख से अधिक अन्नदाताओं / किसानों के लिए केसीसी की सीमा को 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख किया गया है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने जनता से सीधी जुड़ी हुई योजना की घोषणाओं के केवल ढोल पीटे और हकीकत में आमजन की भावनाओं से खिलवाड़ किया. हमने पिछली सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का तार्किक विश्लेषण करते हुए उन योजनाओं की कमी को दूर कर परिष्कृत रूप में लागू किया.

युवक का सिविल था खराब, लड़की वालों ने तोड़ा रिश्ता

अकोला.

किसी व्यक्ति की वित्तीय और क्रेडिट पृष्ठभूमि का पता 'सिबिल स्कोर' के माध्यम से चलता है। बैंकों से ऋण लेते समय सिविल स्कोर अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। सिविल ख़राब होने पर बैंक द्वारा लोन नहीं दिया जाता है। हालांकि, शादी के लिए भी अब सिविल महत्वपूर्ण हो गया है। खरब सिविल के कारण शादियां भी टूटने लगीहै। ऐसा ही मामला सामने आया है अकोला जिले के मुर्तिजापुर से। जहां एक युवक सिविल अच्छा नहीं होने के कारण लड़की वालों ने रिश्ता तोड़ दिया। जब लड़के की वित्तीय स्थिति ठीक नहीं है तो हमें लड़की क्यों देनी चाहिए?

'सिबिल स्कोर' 'क्रेडिट इंफॉर्मेशन ब्यूरो (इंडिया) लिमिटेड' (सिबिल) द्वारा जारी किया जाने वाला तीन अंकों का नंबर है। यह स्कोर किसी व्यक्ति के क्रेडिट इतिहास का सारांश है। ऋण आवेदनों के मूल्यांकन में ऋणदाताओं के लिए सिविल स्कोर एक महत्वपूर्ण कारक है। सिबिल स्कोर ऋणदाताओं के लिए प्रथम प्रभाव का काम करता है। सिविल स्कोर जितना अधिक होगा, ऋण की समीक्षा और स्वीकृति की संभावना उतनी ही अधिक होगी। 'सिबिल स्कोर' सबसे महत्वपूर्ण कारक है जो किसी व्यक्ति के वित्तीय भविष्य को परिभाषित करता है। सिबिल स्कोर उधारकर्ताओं को तेजी से ऋण प्राप्त करने में सहायता करता है। यदि आपका सिविल स्कोर खराब है, तो बैंक आपको ऋण देने से इनकार कर सकते हैं या आपसे अधिक ब्याज दर वसूल सकते हैं।

विवाह योग्य लड़के-लड़कियों के विवाह की व्यवस्था करते समय परिवार, कुंडली मिलान, नौकरी, वार्षिक वेतन (पैकेज), धन, स्वास्थ्य, त्यौहार, परंपराएं, पारिवारिक पृष्ठभूमि, जिम्मेदारी, स्वभाव आदि मुद्दों पर विचार किया जाता है। अब इसमें एक और 'सिबिल स्कोर' का मुद्दा जुड़ गया है। मुर्तिजापुर में 'सिबिल स्कोर' के कारण शादी टूटने की घटना सामने आई।

दिल्ली की जनता को बधाई: अजय चौरे

> दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत

नई दिल्ली.

दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शानदार जीत दर्ज की है। इस ऐतिहासिक विजय पर दिल्ली की जनता को बधाई दी गई है, जिन्होंने बदलाव का मन बना लिया था। दिल्ली की जनता ने देश के सर्वमान्य नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व पर भरोसा जताते हुए भाजपा को जीत दिलाई।

पूर्व विधायक अजय चौरे ने इस जीत पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि किसी भी चुनावी लड़ाई के लिए मजबूत रणनीति की आवश्यकता होती है, जिसे मध्यप्रदेश के नेताओं ने पूरी मजबूती के साथ तैयार किया। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, वरिष्ठ नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया, नरोत्तम मिश्रा, कैलाश विजयवर्गीय, सांसद बंटी साहू समेत कई नेताओं ने मिलकर अलग-अलग कार्यकर्ताओं की टीम के साथ चुनावी रणनीति बनाई।

उन्होंने बताया कि उनकी टीम का नेतृत्व सत्येंद्र भूषण सिंह ने किया, जबकि वर्तमान मध्यप्रदेश प्रभारी महेंद्र सिंह ने छतरपुर विधानसभा क्षेत्र की जिम्मेदारी संभाली। इसके अलावा, अरविंद मेनन, छिंदवाड़ा प्रभारी संतोष पारीख, शैलेन्द्र बरुआ, दीपक कामडे, अखंड प्रताप सिंह सहित कई अन्य नेताओं ने लगातार 30 दिनों तक चुनावी अभियान में कड़ी मेहनत की। इस चुनाव की पूरी रणनीति केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कुशल नेतृत्व में तैयार की गई।

भाजपा की इस ऐतिहासिक जीत के पीछे दिल्ली में आम आदमी पार्टी की नाकामी भी एक बड़ा कारण रही। अजय चौरे ने कहा कि दिल्ली के लोग अब विकास चाहते हैं, जबकि आम आदमी पार्टी इसे पूरा करने में विफल रही।

दिल्ली के कई इलाकों में साफ-सफाई की स्थिति दयनीय है और विकास कार्यों के अभाव में सड़कों पर जाम की समस्या बनी हुई है। उन्होंने नागपुर के विकास का उदाहरण देते हुए कहा कि दिल्ली उसकी तुलना में एक प्रतिशत भी नहीं है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की हार को लेकर उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट संकेत है कि जनता आम आदमी पार्टी से अब पूरी तरह निराश हो चुकी है। मनीष सिसोदिया और अन्य आप नेताओं की हार इस बात की गवाही देती है कि दिल्ली के लोगों ने केवल विकास को ही प्राथमिकता दी है।

अजय चौरे ने भाजपा की इस सफलता पर दिल्ली की जनता के साथ-साथ मध्यप्रदेश की जनता और वहां के रणनीतिकारों को भी बधाई दी।